विवि के सात प्रोजेक्टों की हुई स्क्रीनिंग

मुजफ्फरपुर | पूर्वी जोन स्टूडेंट रिसर्च कन्वेंशन अन्वेषण के लिए बीआरए बिहार विवि के बॉटनी विभाग में सोमवार को प्रोजेक्टों की स्क्रीनिंग हुई। विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से आए रिसर्च प्रोजेक्टों को छात्रों ने पीपीटी (पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन) के माध्यम से फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर (संकाय समन्वयक) को अपने प्रोजेक्ट की महत्ता बताई। प्रोजेक्टों की स्क्रीनिंग की गई। 16 संकाय के शिक्षकों ने इस प्रोजेक्ट को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। इन्हीं 7 प्रोजेक्टों में से 5 प्रोजेक्ट अन्वेषण में बीआरए बिहार विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसका चयन मंगलवार को होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के समन्वयक व बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने दी। स्क्रीनिंग की बैठक में संस्कृत विभाग से डॉ. मनोज कुमार, हिंदी विभाग से डॉ. रेवती रमण, गृह विज्ञान से डॉ. संगीता कुमारी, बॉटनी से डॉ. आर विमल, राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. विपिन कुमार राय, गणित विभाग से डॉ. पीके शरण, रसायन विभाग से डॉ. बीएन झा, एके श्रीवास्तव, कॉमर्स के पीएन गुप्ता व जूलॉजी के डॉ. बीकेपी मिश्रा व आयोजन सचिव डॉ. मो. नसीम उपस्थित हुए।